भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4283**

20 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**त्रिपुरा में आयुष स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्र**

4283. श्री बिप्लब कुमार देब:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) त्रिपुरा राज्य में स्थापित किए गए आयुष स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्रों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या राज्य में ऐसे सभी केन्द्र कार्य कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और कुल कितने केन्द्र कार्यशील नहीं हैं; और

(घ) इन केन्द्रों में नियोजित कार्मिकों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, त्रिपुरा राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, 33 आयुष औषधालयों और 39 उप स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों के रूप में उन्नयन के लिए अनुमोदित किया गया है, जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के रूप में जाना जाता है। राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सभी 72 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कार्यशील हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की जिले-वार सूची **संलग्नक** पर दी गई है।

(घ) जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, इन सुविधाओं में कार्मिकों की तैनाती संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है और मंत्रालय द्वारा ऐसे कोई आंकड़ें नहीं रखे जाते हैं।

*****

**संलग्नक**

**त्रिपुरा राज्य में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत, अनुमोदित और परिचालनशील/कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की जिले-वार सूची**

| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **अनुमोदित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या** | **कार्यात्मक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिमी त्रिपुरा | 16 | 16 |
| 2 | सिपाहीजाला | 8 | 8 |
| 3 | गोमती | 21 | 21 |
| 4 | दक्षिण त्रिपुरा | 5 | 5 |
| 5 | खोवाई | 2 | 2 |
| 6 | धलाई | 3 | 3 |
| 7 | उत्तरी त्रिपुरा | 17 | 17 |
| | **कुल** | **72** | **72** |